संख्या-131/1239/84-1-13-5(विविध)नि0/2009

प्रेषक

धर्म चन्द्र पाण्डेय
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

अधिशासी निदेशक
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम
जवाहर भवन लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 17 दिसम्बर 2013

विषय- निगम मुख्यालय में वर्ष 1988 से पूर्व सृजित पदों पर कार्यरत् कार्मिको के वेतन एवं भत्तों के भुगतान किये जाने के संबंध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 287 स्था0 एस0/बत्तीस-2013 दिनॉक 3-12-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निगम मुख्यालय में वर्ष 1988 से पूर्व सृजित पदों पर कार्यरत् कार्मिको के वेतन एवं भत्तों के भुगतान किये जाने के संबंध में शासन द्वारा धनराशि आपके निवर्तन पर रखी गई है। प्राय: यह देखा जा रहा है कि आपके कार्यालय द्वारा कर्मचारियों के वेतन आदि हेतु बिल समय से शासन को प्रस्तुत नहीं किया जाता है जिससे कर्मचारियों को धनराशि उपलब्ध होते हुए भी कार्मिकों के वेतन का भुगतान समय से नहीं हो पाता है। यह प्रक्रिया उचित नहीं है। यथा माह नवम्बर 2013 देय माह दिसम्बर 2013 के वेतन भत्तों का बिल शासन को दिनॉक 04-12-13 को उपलब्ध कराया गया है। अत: बिल विलम्ब से प्रस्तुत किये जाने की स्थिति से शासन को अवगत कराया जाय।

2- इसके अतिरिक्त भविष्य हेतु यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्मिकों के वेतन आदि के भुगतान हेतु बिल प्रत्येक दशा में शासन को 25वीं से 28वीं तिथि तक प्रस्तुत कर दिये जांय। कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in